https://www.amarujala.com/uttar-pradesh/ambedkar-nagar/vehicles-will-soon-fill-up-on-gorakhpur-link-expressway-ambedkar-nagar-news-c-91-1-slko1001-116664-2024-06-16#google_vignette

# Ambedkar Nagar News: गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे पर शीघ्र फर्राटा भरेंगे वाहन

**संवाद न्यूज एजेंसी, अम्बेडकरनगर** Updated Sun, 16 Jun 2024 01:08 AM IST




अंबेडकरनगर आजमगढ़ बॉर्डर पर बनकर तैयार हुआ टोल प्लाजा। - फोटो : संवाद

अंबेडकरनगर। लगभग 5876 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाले गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे पर शीघ्र ही वाहन फर्राटा भरते नजर आएंगे। अंबेडकरनगर जनपद में लगभग 1250 करोड़ रुपये की लागत से लिंक एक्सप्रेस वे का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। गोरखपुर जनपद में शीघ्र ही निर्माण पूर हो जाएगा। इसके बाद आवागमन शुरू हो जाएगा। इससे गोरखपुर, संतकबीरनगर, आजमगढ़ समेत कई जनपदों की दूरियां कम हो जाएंगी।

जिले के जलालपुर तहसील क्षेत्र के सेहरे गांव से निकला गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे जिले की दो तहसील जलालपुर व आलापुर के कुल 37 गांव से होकर गुजरा है। पूर्वांचल एक्सप्रेस वे को जोड़ने वाले गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे का निर्माण 5887 करोड़ रुपये की लागत से होना है। इसमें अंबेडकरनगर जनपद में लगभग 43 किमी एक्सप्रेस वे का निर्माण 1250 करोड़ रुपये की लागत से होना था।

फेज टू के तहत जिले में निर्मित होने वाले गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस के निर्माण की जिम्मेदारी कार्यदायी संस्था दिलीप विल्डकॉन को सौंपी गई। इस बीच गत दिवस ही फेज टू का निर्माण कार्य पूरा हो गया। इसकी जानकारी यूपीडा को दे दी गई।
बताया जाता है कि गोरखपुर जनपद में फेज एक के तहत हो रहा निर्माण भी लगभग पूरा होने को है। माना जा रहा है कि जुलाई के पहले पखवाड़े तक उसका भी निर्माण पूरा हो जाएगा। ऐसे में जुलाई के अंतिम सप्ताह तक गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे पर वाहन फर्राटा भरने लगेंगे।

**37 गांवों से गुजरा है एक्सप्रेस वे**
तहसील क्षेत्र जलालपुर के 19 गांव खानपुर हुसैनाबाद, मसोढ़ा, दुल्हूपुर, चौदहपरास, महगीपुर, पर्वतपुर, खालिसपुर गोदाम, अजमलपुर, हाफिजपुर, नत्थूपुर खुर्द, नूरपुर कला, मुस्कराई, सबरगाह, महमूदपुर ओदरपुर, सेहरी, शाहपुर, अंबरपुर, शिवपाल व ढाका से होकर एक्सप्रेस वे गुजरा है। इसी प्रकार तहसील क्षेत्र आलापुर के 18 गांव जैनपुर, बभनपुरा, सुल्तानपुर तप्पा हवेली, डड़वा, मदैनिया, सिकरौरा, कम्हरिया, सदौली, अहिरौली रानीमऊ, खरुवइयां, शंकरपुर तप्पा हवेली, चोरमरा कमाल, फुलवरिया, नसरुद्दीनपट्टी, टड़वा जलाल, तेंदुआई कला व तेंदुआई खुर्द से एक्सप्रेस वे गुजरा है।

**व्यापार को मिलेगा बढ़ावा**
गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे पर वाहनों के फर्राटा भरने से गोरखपुर, संतकबीरनगर, आजमगढ़, बस्ती, सिद्धार्थनगर, लखनऊ की दूरियां कम हो जाएंगी। इसके साथ ही पड़ोसी देश नेपाल की यात्रा भी आसान हो जाएगी। इससे व्यापार में भी वृद्धि होगी। संतकबीरनगर जनपद में कपड़ा उद्योग का बड़ा बाजार है। ऐसे में माना जा रहा है कि टांडा कपड़ा उद्योग को भी इस लिंक एक्सप्रेस के संचालन से व्यापक लाभ मिलेगा।

**पूरा हुआ निर्माण कार्य**
फेज टू में जिले में गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इस संबंधित जरूरी पत्रावलियां यूपीडा को उपलब्ध करा दी गई है। -संतोष सिंह, सीनियर मैनेजर, दिलीप विल्डकॉन